273. जून 2022 में, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किन जिलों के 1-1 राजकीय विद्यालय का नामकरण स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है?

(a) जयपुर व जोधपुर (b) जोधपुर व डूंगरपुर
(c) बूंदी व टोंक (d) जयपुर व जैसलमेर

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (b) : 21 जून 2022 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर राजकीय विद्यालयों का नामकरण करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया और इस प्रकार जोधपुर तथा डूंगरपुर जिलों के एक-एक राजकीय विद्यालयों का नामकरण किया गया - जोधपुर में राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय, गिलाकौर को शहीद स्वतंत्रता सेनानी मंगल सिंह व डूंगरपुर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कराबाड़ा को शहीद स्वतंत्रता सेनानी धूलजी भाई वर्मा के नाम पर करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया।

274. मार्च 2022 में, आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रमों को संस्कृति मंत्रालय के पोर्टल पर अपलोड करने के मामले में राजस्थान का स्थान है-

(a) सातवां (b) चौथा
(c) तीसरा (d) पांचवा

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (b) : राजस्थान में आजादी का अमृत महोत्सव दांडी मार्च (12 मार्च) की वर्षगांठ पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के द्वारा प्रारम्भ किया गया था तथा आजादी का अमृत महोत्सव के आयोजन का नोडल एजेंसी कला,साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग' को बनाया गया है। आयोजित कार्यक्रमों को संस्कृति मंत्रालयों के पोर्टल पर अपलोड करने के मामलें में देश भर में चौथे स्थान पर है।

275. मई 2022 में, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने REVP नीति को मंजूरी दे दी है। REVP में E अर्थ है–

(a) एमिशन (b) एंप्लॉयमेंट
(c) इलेक्ट्रिक (d) एंपावरमेंट

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (c) : मई 2022 में राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद को प्रोत्साहित करने के लिए राजस्थान इलेक्ट्रिक वाहन नीति (REVP- Rajasthan Electric Vehicle Policy) को मंजूदी प्रदान की। जिसका उद्देश्य डीजल-पेट्रोल के वाहनों से होने वाले प्रदूषणों में कमी लाने हेतु इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद को प्रोत्साहन देना। यहाँ E से ताप्तर्य Electric है।

276. हाल ही में राजस्थान के किस स्थान पर भारत सरकार की गोबर-धन योजना के तहत एच.पी.सी.एल. ने गोबर से संपीड़ित बायोगैस परियोजन की शुरूआत की है?

(a) सांचौर, जालौर (b) हिण्डोली, बूंदी
(c) खेंपुरा, उदयपुर (d) मथनिया, जोधुप

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (a) : हाल ही में अगस्त, 2022 में HPCL ने हरित ऊर्जा एवं पर्यावरण प्रबधंन हेतु केन्द्र सरकार की 'गोबर-धन योजना' के अर्न्तगत राजस्थान के जालौर जिले के 'सांचौर' तहसील के पथमेड़ा ग्राम में गोबर से संपीड़ित बायोगैस परियोजना की शुरूआत की है। इसमें प्रतिदिन 100 टन गोबर का उपयोग किया जाएगा। जिसका ऑटोमोबाइल ईंधन के रूप में उपयोग किया जा सकता है। इस परियोजना को एक साल की अवधि में चालू करने का प्रस्ताव है।

277. निम्नलिखित में से कौन सा जोड़ा गलत है?

(a) नमदा– जोधपुर
(b) बादला– जयपुर
(c) मसूरीया साड़ी– कोटा
(d) संगमरमर की नक्काशी–टोंक

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (a&b) : सही सुमेलन है।
A. नमदा - टोंक, बीकानेर
B. बादला - जोधपुर
C. मंसूरिया साड़ी - कोटा, बांरा
D. संगमरमर की नक्काशी - टोंक

278. चूरू में धर्म स्तूप को इस रूप में भी जाना जाता है–

(a) निहाल टावर (b) बिरला मंदिर का घंटाघर
(c) विजय स्तम्भ (d) लाल घंटाघर

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (d) : चूरू में धर्म स्तूप को लाल घंटाघर के रूप में भी जाना जाता है। इसे पिलानी के बिड़ला परिवार ने बनवाया था। इस धर्म स्तूप में विभिन्न धर्मों के महापुरूषों के वचनों और उनकी कहीं गई बातें उकेरी गयी है।

279. निम्नलिखित को मिलाएं–

सूची-I	सूची-II
(a) ऊनी मंडी	(1) किशनगढ़
(b) संगमरमर मंडी	(2) बीकानेर
(c) राजस्थान का कानपुर	(3) भीलवाड़ा
(d) गारमेंट सिटी	(4) कोटा

कूट–

(a) (a)-(ii),(b)-(i)(c)-(iv),(d)-(iii)
(b) (a)-(i),(b)-(ii),(c)-(iii),(d)-(iv)
(c) (a)-(iv),(b)-(iii),(c)-(ii),(d)-(i)
(d) (a)-(ii),(b)-(i),(c)-(iii),(d)-(iv)

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022